तनो हरी ॥ सोरठा ॥ वंदैा सो रघुवीर कृपा सेंधु संतत सुषद ॥ प्रणतपाल रणधीर दुषहरण दारिद दमन ॥ १ ॥ मैं मतिमन्द मलीन कूर कपट कलिमल भरो ॥ जानेव अतिसै दीन गुर कृपाल पावन कियो ॥ २ ॥ महा प्रलय के माह सकल समाने येक मह ॥ तहं विष्णु पद पाय रहो तहां सो थीर होय ॥ दोहा ॥ बहुत काल अैसे गये सिरिट समै जब आव ॥ तब विषुणु पद सो बहुरि सुधि सभारन भाव ॥

End.—दोहा ॥ सो अव्यय अविकार सदा इन्छा रहित प्रकास ॥ विद्या जुत यह आत्मा मन करि भव दुष त्रास ॥ १ ॥ सब तें न्यारो आपु कह जानै चतुर प्रवीन ॥ संग किये सुष दुष लहै ॥ संग करै मति हीन ॥ २ ॥ यहि तें मन बानी सुजन प्राण आदि जे अंग ॥ निग्रह करै विचारि दृढ़ सहजहिं तव भव भंग ॥ ३ ॥ भक्ति जुक्त जे बुद्धिवर ताकर करै विचार ॥ मन बस भय बसो जाहि कर सो कृत कृत्त उदार ॥ ४ ॥ जल पर्वत लघु मुकुर मह भार भीजवो नांहि ॥ तिमि चेतन मह लषै सभ सरना के माहि ॥ ५ ॥ तप्त तेल मह लषै मुष जरै तहां सो नाहिं ॥ तिमि आतम निरलेप है भास सकल के माहि ॥ इति श्री पिण्ड भेद निरूपनो नाम अगाध बोधोनाम ग्रंथ संपूर्ण ॥ संमत् ॥ १८९१ कातिक मासे शुक्ल पक्षे तिथि यकादसी वार रविवार कथा संपूर्न तृतीय विश्राम ॥

Subject.—अध्यात्म ब्रह्मसृष्टि के विचारादि का ज्ञानोपदेश ।

No. 4. Amṛita Nāda Vindūpanishada. Substance—Country-made paper. Leaves—20. Size - 7″ × 3½″. Lines per page—6. Extent—165 Ślōkas. Appearance—Very old. Character—Nāgarī. Place of Deposit—Presented at the All-India Hindī Sāhitya Sammēlana Exhibition, Indaur (Central India).

Beginning.—ॐ श्री गणेशाय नमः ॥ ॐ नमो ब्रह्मणे ॥ ॐ अथ अमृतनाद विन्दूपनिषद लिख्यते ॥ ॐ ग्रंथ मध्येति मेधावी ज्ञान विज्ञान तत्परः ॥ पलाल-मिव धान्यार्थी त्यजेच्छासु विशेषतः ॥ टीका ॥ विचार बुद्धि वाला पुरुष ॥ शास्त्र पढ़ के ज्ञान विज्ञान पर लग रहना ॥ ज्ञान कहिई ॥ निर्गुण ब्रह्म जाणना ॥ कैसा ही जानना ॥ जहां बात नहीं ॥ मन नहीं दस इंद्रिय नहीं ॥ रंग रूप नहीं ॥ जहां सब कछू गम जाता है ॥ तहां निर्गुण ब्रह्म है ॥ तैसा ही निर्गुण ब्रह्म जाणना ज्ञान है ॥ विज्ञान कहिइ ॥ जो सगुण भगवान है ॥ तेस्का ध्यान करणा ॥ पूजा पाठ करणा ॥ शास्त्र पढ़ना ॥ शास्त्र विचारना ॥ तीर्थ यात्रा करणा ॥ अैसा ही विज्ञान है ॥ अरु विज्ञान सें ॥ ज्ञान प्राप्त होता है ॥ अरु ज्ञानी पुरुष ज्ञान पाई के विज्ञान छोड़ देता है ॥ विज्ञान जो है सो छाह है ॥ ज्ञान जो है ॥ सो मखन

है ॥ श्लोकः ॥ मनः संकल्पकं ध्यात्वा संक्षिप्यात्मनि बुद्धिमान् ॥ धारयित्वा तथात्मानं धारणा परिकीर्तितः ॥ १८ ॥

End.—श्लोक ॥ चतुर्भिपश्यते देवान्पंचभिस्तुल्यविक्रमः इच्छयाप्नोति कैवल्यं षष्टे मासि न संशयः ॥ ४३ ॥ टीका ॥ अरु जो ऐसे ही मार्ग पञ्चान के छोरि ॥ सो चार महीने नाल देवतान्कों दर्शन पावते है ॥ पांच महीने नाल देवतान्कों समान होते हैं ॥ अरु छे महिने विषैं ॥ इच्छा साथ परमानंद परमात्म रूप ॥ एक जान के पावते हैं ॥ तैस मैं संसा कछु नाही ॥ निश्चय कर जाणों ॥ ४३ ॥ इति श्री द्वितीय खण्डेऽथर्वणवेदे अमृतनाद विन्दूपनिषत्समाप्तः ॥ शुभम्

Subject.—ब्रह्मज्ञान—

पृ. १—४ ज्ञान, विज्ञान, ब्रह्मलोक की यात्रा, सूक्ष्म शरीर, रुद्रध्यान, "अ"कार ब्रह्मरूप।

पृ. ४—७ प्रत्याहार, ध्यान, प्राणायाम, धारणा, विचारना, समाधि आदि योगाभ्यास के लक्षण।

पृ. ७—९ प्राणायाम मंत्र स्वरूप, लक्षण।

पृ. ९-१० प्रशांत लक्षण और धारणा।

पृ. १०-१५ योगाभ्यास की रीति।

पृ. १५-२० पंच महाभूत, पंच प्राण, पंच उपप्राण तथा मोक्ष गति वर्णन।

No. 5. Anaṅga Raṅga Ṭīkā (Uttarārdha) Substance—Country-made paper. Leaves—80. Size—$12\frac{1}{2}'' \times 8\frac{1}{2}''$. Lines per page—20. Extent—1,250 Ślōkas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of Deposit—Rādhā Chandra Vaidya, Baḍē Chaubē, Mathurā.

Beginning.—१ प्रकरण ६ द्रावणादि औषध विषये। श्लोक ॥ प्रागेव पुंसः सुरतेन यावन्नारी द्रवेद्भोग फलनं तावत् ॥ जतो बुधैः कामकला प्रवीणैः कार्यः प्रपञ्चो वरिता द्रवन्वै १ ॥ टीका। पुरुष के रेत छूटने के पूर्व जो नारी छूटे नहीं तो भोग करना वृथा है ॥ कारण के उस भोग से आनंद नहीं होवे इस कारण से पुरुषों ने काम कला में ज्ञानवान होकर स्त्री प्रथम छूटे ऐसा प्रयत्न करना जिससे सुरत रसिक होवे ॥ १ ॥ श्लोक ॥ जात्यादि साम्यं दुर्ज्ञयं सांकर्यादि विशेषतः ॥ अतएवाति सौक्ष्म्याच्च कलापों दारे गोचरा ॥ २ ॥ टीका पूर्व में कहे प्रकरणों से पुरुषों की वा स्त्री की जाति ज्ञान दुर्घट और गुणों के संकरता से तो अत्यंत दुर्घट इस कारण बोहोत सूक्ष्मता के कारण से चंद्रकला भी समजने मे आवे ऐसे अज्ञ जनों को भी उपयोग होवे इससे द्रावणादि प्रयोग कहते हैं ॥

End.—टीका । जिसका पति परदेश कों गया हे स्त्री पति के वियोग से काम करके बोहोत संतप्त हे वो गर्मी दूर होने के वास्ते कपूर चंदन सरीर कों लगाना चंद्रमा के चांदने बेठना कमल शरीर को लगाना ॥ इत्यादिक थंडे इलाज करने से भी उलटा काम बढ़े उसको विरहिणी कहते हैं ॥ स्वाधीन पूर्वपतिका श्लो० । वैराग्य वत्स कल केलि कलो कला सुकांतो जहाति न सकाशमनंग लैाल्यात् ॥ यस्याः स्त्रियः सुरत सैाख्य विंब चिता सा स्वाधीन पूर्व पतिकेति बुधैः प्रदिष्टा ॥ टी० विलास के सब क्रोड़ा विषय में पती विरक्त हो गया और स्त्री का छोड़ गया ऐसो जो स्त्री जिसने मैथुन का सुख नहीं पाया अगर जिसके पती का मैथुन के पेस्तर रेत स्खलित होता हे उसका नाम हे ॥

Subject.—कोक शास्त्र—

पृ० १ द्रावणादि औषधि विषय ।
पृ० २४ वशीकरणादि के उपाय ।
पृ० ३५ कन्या के गुण ।
पृ० ३९ सामुद्रिक वर्णन ।
पृ० ४६ परस्त्रीगमन न करे इसके कारणादि ।
पृ० ५६—८० संभोग प्रकरण ।

No. 6. Āratī Maṅgala Saṅgraha. Substance—Country-made paper. Leaves—37. Size—10″ × 5″. Lines per page—8. Extent—450 Ślōkas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Manuscript—Samvat 1929 or A. D. 1872. Place of Deposit—The Hindī Sāhitya Samiti, Bharatapur State.

Beginning.—श्रीमते रामानुजाय नमः ॥ अजुध्या आजु सनाथ भई हैं ॥ टेक ॥ राजा दशरथ जी के राम जी जन्म लीयैा हर तन नभु मिस ही है (॥) हीरा लाल सजडे पलन मैं झुलत राम सही है ॥ कंचन महल बने दशरथ के सरजू निकट वहो है ॥ सब सखियां मिलि मंगल गावें गावत राग सहो है ॥ २ ॥ राजा दशरथ के चारि पुत्र है लछिमन राम सहो है (॥) राजा दशरथ घर नैाबित बाजै लंका मैं खबरि भई है ॥ ३ ॥ गुरुवसिष्ठ कुलपूज्य हमारे मांगत दान सही है (॥) तुलसीदास धनि धनि कैासल्या मनसा सफल भई है ॥ ६ ॥ भक्ति सकल सुखदानो श्री राघव जी को ॥ महा सुलभ सुभ हित चिंतामणि वेद पुराण बखानो ॥ टेक ॥ महाराज रघुवर दशरथ सुत जनक सुता महारानो ॥ सेवत संत विमल जस गावें अवधि पुरो रजधानो ॥ १ ॥ शिव नारद प्रह्लाद विभीषण हनुमान उर आनी ॥ जानकी वलभ कृपा विलोकनि ॥ श्री राम सेवक मनमानो ॥ २ ॥

End.—सहज सुभाव फिरत जमुना तट ओढ़ि वसंती सारी ॥ आपुन जाय कदम चढ़ि बैठे हाथ लीये पिचकारी ॥ भरि पिचकारी मेरे सनमुष मारी मुर गई वेसरि सारी ॥ सारी के रंग सबरौ उतर गयौ लहंगा पर गयौ भारी ॥ रेशम बंध कुचन के टूटे झरि गई कोर किनारी ॥ भौर भई राम मै कैसे जावों मेरि सजनी लोग हसैं दै तारी ॥ चंद्र सखी मोहि डर है पिया को सास लड़ैगी न्यारी । आ होरी समा आजु महा मंगल सेसाचल श्री व्यंकटेस पग धारे री मंगल सेस गौरी सुभ राजैं मंगल हरिपद धारे री ॥ टेक ॥ मंगल धनुष वाण कर धारे श्रवण(न) कुंडल राजै री ॥ मंगल अरध दसन मुख शोभा कीट मुकट सिर धारे री ॥ मंगल रूप देव वर सोभित सकल जग कवि वारै री ॥ रामचरणदास व्यंकट सरनागत निज प्रण वाह गहा पक(रे)री ॥ ३ ॥ इति श्री भजन गौरी धुनि आर्ति मंगल समाप्तं ॥ संवत् १९२९ ॥

Subject.—भजन संग्रह ।

No. 7. Ashṭa Karma Dahana Vidhāna. Substance—Country-made paper. Leaves—16. Size—12″ × 6″. Lines per page—10. Extent—620 Ślōkas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Date of Manuscript—Samvat 1956 or A. D. 1899. Place of Deposit—Saraswatī Bhaṇḍāra, Jaina Mandira, Khurjā.

Beginning.—ॐ नमः ॥ सिद्धेभ्यः ॥ अथ अष्ट कर्म दहन विधान पूजा लिषिये है ॥ अडिल छंद ॥ लोक सिष रतन छांड़ि अमूरति होय रहे ॥ चेतन ज्ञाता सुभाव विगेय तें भि निभहे ॥ लोकालोक सुकाल तीन सब सिधि घनी ॥ जोनी सो सिद्धदेव जजें वहु थुति ठनो ॥ १ ॥ ॐ ह्रीं नमो सिधाणं ॥ सिध प्रमेष्टीभ्यो नमः ॥ अत्रावलः संवोषट्स्थापनं ॥ अत्रावलः तिष्ठ: तिष्ठः ठः ठः स्थापनं ॥ आत्रावल मम सनेहो तो स्थापनं ॥ चाल जोगी राम से की ॥ अजर अषंड सदां अविनासी तीन लोकि सिरताजा ॥ है सरवज्ञ अनाकुल मरत तीन भुवन के राजा ॥ ऐसे सिध सदां तिनि के पद पूजों भक्ति उपाई ॥ षीरोदधिजल कनकझार निरमल उर कर भाई ॥ २ ॥ ॐ ह्री सिद्ध प्रमेष्टीभ्यो नमः ॥ जलं ॥ वात वलयतन वात तीसरौ ॥ तामै तन थिति कीनी ॥ आवागमन रह्यौ भव भीतर अपनीं परनति चीनी ॥ ऐसे सिद्ध सदां तिनके पद पूजें भक्ति उपाई ॥ वांवन चन्दन घिस जल निरमल अलिपंकति सुषदाई ॥ २ ॥

End.—उदै तनैं इक जोधा षोयें ॥ तवि आतमद्वादश पुर जोयें ॥ उलधि ज्ञार मोगठाई हां आयें ॥ मोहित नै सविकुल षय लायो ॥ १६ ॥ फिरि ईहां ते जिण पद में धायें ॥ षोडस भरि सत के डायें ॥ उदै विषै षोडस यें ही मारे ॥ बंध सुभटि पै नहि निहारे ॥ १७ ॥ तवै अजोगि दीप में आयें ॥ सता केसव भटि

संग धायें ॥ उदै तनें भटि तोन मरारे ॥ वंध इक भटि सोई हां जोरे ॥ १८ ॥ तुछि थिति करि सिवि सहिजि विराजें ॥ तीनि लोक नायकि थिर वाजें ॥ मता सुभ पिच्यासी षोंये ॥ उदै तनै द्वादश भटि वोये ॥ १९ ॥ ग्रैसे ग्रातन सिवि सो जावैं ॥ या विधि कर्म वंन को ढ वैं ॥ लै सुष कालि ग्रनंता राजै ॥ तें निति पूजों भव सिवि काजै ॥ २० ॥ सिधि थल सिधि ग्रनतें जानों ॥ ईक में सिध ग्रनंते माणों ॥ सबही सम सुष है सम्र ज्ञांनो बिन मूरत चेतन भगवानो ॥ २१ ॥ जो सिध सुष सो जग में नाहीं ॥ जग दुषजे नहो सिध ठांही ॥ उनके सुष की को कवि गावैं ॥ जाणै सो सब कर्म षिपावै ॥ २२ ॥ इनकों सो एंद्र न पावैं ॥ ग्रधिक कहा फल मुष तें गावैं ॥ यो फल सुन हम मन ललचायो ॥ तातै छांड़ि सिर नायो ॥ २३ ॥ दोहा ॥ घोय करम रज सिव वरो ॥ महां सुभट ा लाय ॥ ते सिध सब कें सरन हैं ॥ ग्रैार कहा थुत भाय ॥ २४ ॥ ते सिधि सब का सरन हैं ॥ ग्रोरिक नमो सिध सिध कारनें ॥ भक्ति महां मम लाय ॥ पूजै सो सिव सुष लहैं ॥ ग्रैार कहां ग्रधिकाय ॥ २५ ॥ इति श्री कर्म दहन विधांन संपूर्ण ॥ मिता भादो सुदी ५ संवत १९५६ ता दिन प्रति संपूर्ण समाप्ता ॥

Subject.—विधान कर्म्मों के ।

No. 8. Badrī Nātha Stōtra. Substance—Country-made paper. Leaves—2. Size—4″ × 4″. Lines per page—8. Extent—6 Ślōkas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of Deposit—Paṇḍit Rāma Gōpāla, Vaidya, Jahāngīrābād, District Bulandaśahar.

Beginning.—राम सति ॥ श्री गणेशाय नमः पवन मंद सुगंध सितल ॥ हम मंदर सोभत्यं ॥ श्री नोर गंगा बहत निरमलः ॥ श्री वद्रिनाथ विसंभरं ॥ १ ॥ शेश शुमनें करत निसि दिन ॥ ध्यान धरत महेसरं ॥ वेद ब्रह्मा करत ग्रस्तुत ॥ श्री वद्रिनाथ विसंभरं ॥ २ ॥ चन्द्र इन्द्र कुंमेर दिन क धूप दिप प्रणामनं सकल मुन जन करत जै जै श्री वद्रिनाथ विसंभरं ॥ ३ ॥ जक्त किंनर करत कीतिग ॥ ग्रानगां धूप गायत्यं श्री लक्छमि कवला चोर ढोर श्री वद्रीनाथ विसंभरं ॥ ४ ॥ शक्त गोर गणेश सारदा नारद मुनि धुन उचरं ॥ जोग ध्यान ग्रपार लीला श्री वद्रिनाथ विसंभरं ॥ ५ ॥ श्री वद्रिनाथ जी के पांच रतनं पढंनें पाप विनासनं कोट तिरथ कीष का पुंन्यां लभते फल दायकं ॥ इति श्रीमत संकराचार्य विरंचत्यायं × × स्तुति नाम ग्रस्तोत्र × × × × × × ×

Subject.—स्तुति ।

Note.—कवि का नाम—श्रीमच्छङ्कराचार्य्य दिया है, परंतु किसी दूसरे का बनाया जान पड़ता है ।

No. 9. Vallabhākhyāna. Substance—Country-made paper. Leaves—11. Size—12″ × 5¾″. Lines per page—25. Extent—345 Ślōkas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1611 or 1554 A. D. Place of Deposit—Śrī Dēvakī Nandanāchārya Pustakālaya, Kāmabana, Bharatapur State.

Beginning.—श्री कृष्णाय नमः ॥ अथ वल्लभाख्यान लिख्यंते ॥ राग केदारो ॥ वंदू श्री विट्ठलवर सुंदर नवघन स्याम तमाल ॥ जगतीतल उद्धार करेवा प्रगट्या परम दयाल ॥ १ ॥ श्री पुरुषोत्तम स्वतंत्र क्रीड़ा लीला द्विज तनुधारी ॥ सात दिवस गिरवर कर धार्यो वासव वृष्टि निवारी ॥ २ ॥ ते प्रगट्यानूं कारन कहिये जो श्रोता मन भावे ॥ करो कृपा हूं करूं बीनती पोतानो करि जाणे ॥ ३ ॥ व्यापक रूप अद्वैत ब्रह्म जे तेजोमय कहेवाये ॥ आरज पंथ अधिकारी मुनि जन ते माहे ले थाये ॥ ४ ॥ अक्षर आदि अखंड अनूपम उपमा कहीय न जाये ॥ अस्तु अस्तु म्हह कोमल बोले निगम नेति नेति गाये ॥ ५ ॥ निर्गुन नो निर्देस अटपटो रसना श्री पेरे कहिये । रूप वरन वपु दृष्टि पदारथ त्यहां एकोनव लहिये ॥ ६ ॥ तेहथ को पुरुषोत्तम अलगा लीला अवल विहार ॥ ब्रह्मज्ञानी तें मुक्ति मारगो स्वप्न नहीं व्यवहार ॥ ७ ॥ कड़वा पंचम ॥ राग परजियो ॥ सगुन सनेही सांवला वाला अहर्निस दरसन आपो जी ॥ परम सुख देवाने काजे व्रजमंडल थिर करि थापो जी ॥ १ ॥ श्री वल्लभ कुंवर क्रीडा मनात मारू नाम निरंतर लीजे जी रूप सुधारस माधुरी ते लोचन भरि भरि पीजे जी ॥ २ ॥ ते पद क्यारे देख सूं जे गोधन पुठल धाये जी ॥ व्रजसुंदरी सुख पामीने वारंवार अघाये जी ॥ ३ ॥ दिवस सर्व सामा मलो रसरूप तणे जस गाये जी ॥ रूप मंडली मध्य देखी ने वारंवार सुख पाये जी ॥ ४ ॥ वासर निरवा एम करे सखी सायंकाल पेखे जी ॥ अलक मुख खुर रज लगी कमल भमर विसेखे जी ॥ ५ ॥ गोप बालक मंडली मधे रंग अनेक उपजावे जी ॥ मत गज गति मल पता श्री गोकुल माहे आवे जी ॥ ६ ॥

End.—अगहन शुदि साते श्री गोकुलपति ॥ जम स्वरूप माला थापति रति ॥ सोरह से ग्यारह कार्तिक सित ॥ अर्के बुध रघुनाथ श्री सहित ॥ टेक ॥ हेत निज अभिधान प्रगटे तात आग्यां मानि के ॥ तिथि कला बुध छटि पूरन विमल ज्ञान बखानिके ॥ यदुनाथ प्रगटे रह्यो विरह श्री घनस्याम रूप क ॥ सह कृष्ण तेरसि द्योस रविजुत जे जे सकल कला श्री विट्ठल भूप के ॥ २१ ॥ भांमिनी रानी कमला वखांनी ॥ पावती जांनुकी महारानी ॥ कृष्णावती मिनि सातो सुहाई ॥ यह अलौकिक रूप सहाई ॥ टेक ॥ सहा अलौकिक अग्नि कुल यह अलौकिक अष्टछाप हैं ॥ अलौकिक ये भक्त जन जे सदनि लोक आप है ॥ यथा

मति कछु वरनी न जाई जानियो यह दास हैं ॥ द्वारिकेस निरोध मागे यही फल की आस हैं ॥ २२ ॥ इति श्री मूल पुरुस संपूर्णम् ।

Subject.—कृष्ण चरित्र और श्री वल्लभाचार्य्य, गोस्वामी विट्ठलनाथ आदि के संक्षिप्त आख्यान ।

Note.—संभवतः वल्लभ संप्रदायानुयायी कोई गोपालदास वैष्णव इस ग्रन्थ के रचयिता हैं। कुछ पदों में इनका नाम आया है ; और कुछ में नहीं ।

No. 10. Barṇa Parīkshā. Substance—Country-made paper. Leaves—45—page 70 to 114. Size—$9\frac{1}{2}'' \times 5\frac{3}{4}''$. Lines per page—17. Extent—1,195 Ślōkas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Manuscript—Samvat 1810 or A. D. 1753. Place of Deposit—Babu Purushōttama Dāsa, Viśrāma Ghāṭa, Mathurā.

Beginning.—श्री महागणपतये नमः ॥ जो विविह । मत्त । सा अर । पारं पत्तो वि । विमल मई । हेलम् ॥ पढुम । भास तरण्डो । णाग्रो । सो पिङ्गलो । ज अइं ॥ १ ॥ दीहो । संजुत्त परो । विंदु जुश्रो । पाडि श्रो । अचरण । त्ते ॥ सगुरू । वङ्क । दुमत्तो । अणो । लहु । होई । सुद्ध । एक अलो ॥ २ ॥ जहा । माइ रूप । हे भा । हिणो । जिणो । अवुट्ठग्रो । देग्रो । सम्भु । ङ्कामं । त्ती सागोरी । गहि लक्षणं । कुणइ ॥ ३ ॥

End.—चउ अगाल मनु छंदा पहु जाणहु वणणहि कइसु हणणत्ता एश्र अमल सुर अस आर युद्धिम्मिवे विगाग ईर इक्कवत पंचम अक्खर दह वण्णा या उएण होच्चि वेहोत हवि विसगो पिंगल आरेण रारि संभण अम् ॥ तंगा उए ण खिव स इज सूरो पच्छिने उ अइ ॥ इ अ महा कइ सिरि पिंगल विरइ अवि इ मत्त वण्ण परिच्छेपा समत्तो ॥ संवत् १८१० श्रावण वदि ६ ॥ १ ॥

Subject.—प्राकृत भाषा में पिंगल ।

No. 11. Bhagavad—Darśana Stōtra kī Vārtā. Substance—Country-made paper., Leaves—14. Size—$3\frac{1}{2}'' \times 3''$. inches. Lines per page—7. Extent—110 Ślōkas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of Deposit—Natthī Bhaṭṭa, Gōvardhana, Mathurā.

Beginning.—श्री हरिदेवो जयति ॥ श्री भगवद्दर्शन स्तोत्र की वार्त्ता ॥ दोहा ॥ श्री केशव आचार्ज्ज भजि श्री हरिदेव सुजान ॥ चरन सरन तिनके भए होत प्रेम गुन गांन ॥ १ ॥ अथ वार्त्ता ॥ जीव कैा प्रभु जीव कहा अपुनपैा ताकैा प्रभु एक कृष्ण सो दोइ रूप श्री गुरु और हरि श्री गुरु चारि रूप दीक्षा गुरु विद्या गुरु परम गुरु निज गुरु या भांति श्री हरि चारि रूप कांत मित्र सुहृद सेव्य या

भांति सीक्षा गुरु ते पशु पच्छी देव मनुष्यादि सर्व रूप वहु कहा ब्रह्मा सूं लै दूब पर्यंत तहां सीक्षा पै दृष्टांत जैसैं विद्या गुरु नें कथा प्रसंग मै कह्यो अरे जा काहू कूं दुष दै कै तूं सुष भोगैगो संसार के आप स्वारथी तो तू नरक में परैगो तब यानें विचारगैा रे कैानें नरक देष्यौ है यों समझि मंदिर तें निकस्यैा तबहीं आगे एक पशु विकल परयैा देष्यौ ताकें कृमि परि गए नीच पच्छी ताके मांस कूं षोंट मारि भषैं सो सिर धुने ग्रैसें ताहि महादुषी देषि तहां सीक्षागुरू सुरति करै न तो यह पशु है न ये कृमि हैं न ये काक है न याको कछु दुष है ये तो सर्व सीक्षा गुरू रूप हैं ।

End.—निज गुरुनि की अरचा यह जु सर्वस्व आत्मा समर्पण करनों तन मन धन करि अष्ट प्रहर आज्ञा पालन करनों जा बेंचि दैं तो बिकि जानों जा समैं या मारग में मन थिर न रहै ता समै धिक्कार माननों ग्रोर कांतरूप हरि की अर्चा परम गुरुनि के अनुसार ग्रोर नित्य विहार मैं दोउनि के मिलिवे को दृढ़ विस्वास ग्रोर मित्र रूप हरि को अर्चा निज गुरुनि के अनुसार × × × अपूर्ण—

Subject.—भगवद्दर्शन के उपाय। गुरु भक्ति—ग्रैार सद्गुरु के लक्षणादि का वर्णन ।

Note.—गद्य ।

No. 12. Bhāgavata Chakra Pañchama Skandha. Substance—Swadēśī paper. Sheet—1. Size—Circular having a diameter of 25″. Appearance—Very old. Character—Nāgarī. Place of Deposit—Paṇḍit Jauharī Lāla Śarmā, Bulandaśahar.

Beginning.—हिरण्मय खंड कूर्मदेवा रम्यक खंड मत्स्य देवता ।

End.—क्षोरोद १०००००, प्लक्षद्वीप २०००००, इक्षुरसोद २०००००, शाल्मली द्वीप ४०००००, सुरोद ४०००००, कुश द्वीप ८०००००, घृतोद ८०००००, क्रौंच द्वीप १९०००००, क्षीरोद १६०००००, शाकद्वीप ३२०००००, दधि मंडोद ३२०००००, पुस्कर द्वीप ६४०००००, रमनक खंड मानसोत्तर गिरिः, शुद्धोद ६४०००००, शुद्ध भूमिः १५७५०००००, कांचनी भूमिः १३९००००० ।

Subject.—भागवत पंचम स्कन्ध के अनुसार पृथ्वीखंड सागर इत्यादि का परिमाण दर्शक चक्र ।

No. 13. Bhaktāmara Stōtra. Substance—Country-made paper. Leaves—14. Size—$5\frac{3}{4}''$ × 5″. Lines per page—15. Extent—210 Ślōkas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of Deposit—Paṇḍit Rāma Gōpālajī Vaidya, Jahāngīrābād, Bulandaśahar.

Beginning.—अथ भक्तामर स्तोत्र रिद्धि वा मंत्र वा गुण लिष्यते भक्तामर प्रणत मौलि मणि प्रमाणमुद्योत कंदलित पायुत मोखितानां सम्यक्प्रणम्य जिन पाद युगं युगा दा ✗ ॥ १ ॥ रिद्धि ॥ ॐ ह्रीं णमो अरिहंताणं णमो जिण गणं ॥ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः ॥ असि आउसा अप्रति चक्रे फट्विचक्राय ह्रों ह्रें स्वाहा ॥ अथ मंत्र ॥ ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं श्रीं क्लीं क्लूं क्रों ॐ ह्रीं नमः ॥ अथ गुणा ॥ इह काव्य वा मंत्र पढ़ने तै सर्व संपदा लक्ष्मी प्राप्त करै ॥ १ ॥

End.—अठतालीस काव्य तथा मंत्र जपने पढने काव्य के सर्व सिद्धि मन को चिंतो कार्य होय जिसकों वसिकी याचा है तिसको नाम चित मे धरि जप करै तथा काव्य पढै तो तुरत वसि होये सम्यक्त परतीत कार्य सिद्ध होय ॥ इति गौत्तम स्वामि विरचिते अठतालीस रिधि मंत्र कथन काव्य मानतुंगाचार्य्य कृत भक्तामर स्तोत्र मूल काव्य रिद्धि मंत्र गुण फल समाप्तम् लिषतं पंडित गुलाल कीर्त्ति जी अग्रवाल आम्नाय दिल्ली पदे आचार्य्य तत् सिष्यं पंडित सेवाराम त्रिपाठी लक्ष्मण पुरी मध्ये पार्श्वनाथ चैत्रालयै मूल नायक ग्रहे ॥ शुभं भवतु अनित्यं जीवितं लोके अनित्यं धन यौवनं अनित्यं पुत्र दारा च धर्म्म कीर्त्ति यस स्थिरः ॥ १ ॥ धर्म्मो मित्र सदा बंधु धर्म स्वामी सुषाकरः हितं करोति जंतूना मिहा मुत्र च सौख्यदं ॥ श्रीरस्तु श्री १०८

Subject.—जैनी मन्त्रादि।

Note.—'भक्तामर' मूल, मानतुंगाचार्य्य कृत्। टीकाकार का कोई पता नहीं। लिपिकर्त्ता ने अपना पूरा परिचय पुस्तक के अन्त में दे दिया है, पर टीकाकार ने नहीं। समयादि का उल्लेख नहीं है।

No. 14. Bhāshā Phuṭakara Chhanda. Substance—Country-made paper. Leaves—32. Size—8″ × 3½″. Lines per page—26. Extent—850 Ślōkas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of Deposit—Bhaṭṭa Śrī Maganajī Upādhyāya, Tulaśi Chautarā, Mathurā.

Beginning.—श्री गणेशाय नमः ॥ श्री सरस्वत्यै नमः ॥ अविघ्नमस्तु ॥ भाषा लिष्यते ॥ जनक सों जाचना करी ही जाइ सो सकल तनक न मानी रह्यो और मुष जोइ है ॥ विस्वामित्र ही कौ विसवास आनि वीस विसे को नि षोइ दीनौं बड़े कुल कौं बिगोइ है ॥ लंकेसुर पास आइ लेत है उसास महा माल्यवान चकत यों बोलै पल दोइ है ॥ स्यो कौ सरासन भंजि सिया के सुयंवर मैं कौन जानै रावन के राम वैरी होत है ॥ १॥ तेरे नैन कलि मैं कलपवृक्ष पैदा भए ताके वीच मेरे नैंन चाहत अकोर हैं ॥ तेरे नैन मदन मृदंग घन तार बजैं ताके बीच मेरे नैन नाचिबे को मोर हैं ॥ तेरे नैन पावस की कारी अंधियारी रैनि ताके

बीच मेरे नैन घटा घनघोर हैं ॥ तेरे नैन मेरे नैन मेरे नैन तेरे नैन तेरे नैन चोरिबे कों मेरे नैन चोर हैं ॥ २ ॥

End.—हसि बोलहुगी मृदु बोलनि सों नहिं मान के बैननि भाषहुगी परिजंनि कैा मुष चुंवन दै छन सो अधरा रस चाषहुगी लपटाइ गरे तन ताप बुझाइ कैं यैा विरहा दुष नाषहुगी अव कैं रस रास किसोर मिलैं तोहि पै कहला करि राषहुगी २२२ जाचक चकोरनि कैं पुंज दिल दोरनि कैा प्रिय—अपूर्ण

Subject.—विविध कविताओं का संग्रह ।

No. 15. Bheṇṭa. Substance—Country-made paper. Leaves—3. Size—9″ × 5¾″. Lines per page—21. Extent—94 Slōkas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of Deposit—Pustakālaya Mākhanajī Bābū Lāla Pyārē Lāla, Satagaḍha, Mathurā.

Beginning.—श्री गणेशाय नमः अथ भेट लिख्यते सदा अनंदी माय लाज वांना की राखौ सेऊं सारदा माइ सुरसती बोलै वांनो गाऊं तेरा मंगलाचार अकल हिरदा मै आनी लाई लाई चारैं वेद आप वांचै महारांनी तेरा अपरमपार कां न पावै महारानी भूप घनेरा पच गया तेरा किनू न पाया पार ॥ मैं बालक जानूं नहीं मैं भूलूं तो समुझाय ज्योति हिरदैं परगासो सदां अ० १ मोपै कह्यौ न जाय विरद तेरा वांना कैा कीयैा कुरषेतन संग्राम सीम तोरैा टांना कैा ॥ कुरषेतन के बीच असुर को तोरैा नाकैा पैज परी दानां दला तैं ने भन्नो बजाई तेग कुरषेतन साकैा कीयैा तेनें मारा चकर चलाय सीस तोरैा दाना कैा सदां अ० २ ॥

End.—वांकी सैदमू पुर की गादी रत्तो संगति गुर की साधो मोइ बना दी वांटूं भजन का सीया लल्लू साहर सेठ कहायैा विन्ने भात जोड़ कैं गायैा आयैा सोई जोड सुनायैा हर का नाम तो लीया–नर ९

Subject.—स्तुति देवी जी की ।

Note.—संभवतः कवि का नाम नरसी है । एक स्थान पर 'नरसी' शब्द निम्न भांति प्रयोग में आया है जिससे विदित होता है यह कवि का नाम है " 'नरसी' बैठो बिछा चटाई चरचा सामलिया की गाई । "

No. 16. Braja Bhūshaṇa Stōtra. Substance—Country-made paper. Leaves—9. Size—4″ × 4″. Lines per page—7. Extent—96 Ślōkas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of Deposit—Paṇḍit Rāma Gōpala jī Vaidya, Jahāngīrābād, Bulandaśahar.

Beginning.—राम सति श्री गणेशायन्मः कैलासि कासि के वासी ॥ अःवनासि अःत्र शुध लिजो ॥ सेवक सरन सदा चरनो कि ॥ अपनो जान कृपा कीजो ॥ अभःदान दिजा प्रभः मेरे ॥ सकल सिष्ट के अधकारि ॥ भोलानाथ भगत मन रंजन ॥ भः (व) भंजन जः न सुषकारि ॥ १ ॥ ब्रह्मा विष्ण सेश मुनि नारद ॥ याद कर सेवा ॥ इंक्षा जीन कि पूरनं किनी ॥ आदि सनातन मह २ देवा ॥ भगत मुकत दाता भुगतेस ॥ २ ॥ त्रभुन इसः २ त्रपुरारी ॥ भोलानाथ भगत मन निरंजन (रंजन) भः भंजन जन शुषकारी ॥ २ ॥

End.—तुमहि भगत सरोवन दाता राम उपासि अधःकारी ॥ भोलानाथ मन निरंजनः ॥ भः भंजन सुषकारि १० मः हमा विष्ण महेसर जि की ॥ कः हे सुन जो नित गवः ॥ सुष संपत आनंद पर पुरनः सिध अनुपम ते पावै श्री व्रजः भुषनः कृपा किः रिः हः ॥ हो प्रसं द जवः सो पायः ॥ भोलानाथ भगत मन निरंजन भः भंजन मंगल गाय ॥ इति श्री मत सांक्राचारजः श्री व्रजभुषन अस्तत्र समापितु ॥ १ ॥

Subject.—महादेव जी की स्तुति ।

No. 17. Sītāpada Chāmara Bhāshā Ṭīkā. Substance—British foolscap. Leaves—59. Size—$6\frac{1}{4}'' \times 4\frac{1}{2}''$. Lines per page—12. Extent—1,120 Ślōkas. Incomplete. Appearance—New. Character—Nāgarī. Place of Deposit—Saraswatī Bhaṇḍāra, Lakshmaṇa Kōṭa, Ayōdhyā.

Beginning.—श्री जनकीवल्लभो जयति ॥ श्री सद्गुरुचरणकमलेभ्यो नमः ॥ श्री चंद्रकलायै नमः ॥ दो० ॥ श्रीगणेश गैारी सुवन विघन हरन गजमाथ ॥ वदैां हर हनुमान रवि वेद विदित गुन गाथ ॥ १ ॥ मोक्षमूल श्री गुरुकृपा ध्यान मूल गुरु गात ॥ यजन मूल गुरु पद कमल । मंत्र मूल गुरु बात ॥ २ ॥ यद्यपि मो मति मलिन अति विषय लीन जल मीन ॥ तद्यपि श्री सतगुरु कृपा शुभ अवलंबन कीन ॥ ३ ॥ श्री सतगुरु पद पंकरुह रज अवलंबन पाय ॥ सीता पद चामर सुभग भाषा अर्थ बनाय ॥ ४ ॥ श्री श्री चंद्रकला कला बुधि विद्या गुनधाम । वंदैा तन मन बचन तव कृपा लहैां विश्राम ॥ ५ ॥ जनक सुता दशरथ सुवन दुवन दवन नत पाल वदैां युग पद पद्म रज विधि हरिहर धर भाल ॥ ६ ॥ सो० ॥ वदैां सिय पिय राम भरत मांडवी प्रानपति ॥ लषन उर्मिला जानि श्रुतिकीरति पति शत्रुघन ॥ ७ ॥ जाते श्री सीताराम जुगल रूप जू वास्तव में एक ही हैं ताते श्री वेदाताचार्य परम उपासकवर्य श्री स्वामी जू एक बचन से श्री सीताराम जू महालावन्य धाम जू का सरनात्मक मंगलाचरन करते हैं ॥ टीका ॥ वार्त्तिक ॥ ६ ॥

End.—मू० प्रकृत्याभृत्याहं स्व सन इह सामन्त तिलको मन छत्रं पीठं हृदय शतपत्रं विकसितम् ॥ सुमानासम्ताजोर्जगदहमहं पूर्वमवतोर्वचस्फ तृ सीतारुण चरणयोश्चामरमिदम् ॥ १११ ॥ अब इस ग्रंथ का चामर रूप करि वर्णन करते हैं टी० हमसे अनंत सेवक रूपी प्रजाओं से सेवित और उन्हीं के प्राण रूपी मन्त्रियों की समाज से उपासित और उन्हीं के मन रूपी छत्र से शोभित और उन्हीं के हृदय कमल रूपी सिंहासन के ऊपर सब जगत के कमलों के स्वामी और राग पूर्वक सब जगत के पालक श्री सीता जू के निकट में श्री सीता जू के गुणों से गुम्फित यह ग्रंथ रूपी चामर भी चल रहा है ॥ १११ ॥

Subject.—भाषा टीका—'चामर' की, जिसमें श्री सीता जी की पद-वन्दना है ।

No. 18. Chaturvinśati Tīrthaṅkara by Harajī Nandana. Substance—Country-made paper. Leaves—5. Size—$5\frac{3}{4}''$ × 5″. Lines per page—15. Extent—65 Ślōkas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of Deposit—Rāma Gōpāla jī Vaidya, Jahāngīrābād, Bulandaśahar.

Beginning.—अथ चतुर्विंसति तीर्थंकर उत्तपत्ति आउ वर्ण उन्नत तथान लक्षण लिख्यते ॥ छप्पै अजोध्यानरि जन्म आदि जिनेश्वर कहियै नाभिराय वरतात मातरु देवी लहियै धनुष पंच से देह वर्ण कंचन मै पैषै चौरासी लक्ष पूर्व आयु जीवित सुलेषै वृषभ अंक करि सोय हीयै चौरासी गरभ धर धणी कैलास गिरि सिव गति गये सार करौ सेवक तनी ॥ १ ॥ जिन शत्रु नृप तात मात विजया गुण मालह गण धरन उसार हस्ति लांछण सुविसालह पीत वर्णन सकाय आयु लत वहैत्तर गनिय चार से साठा धनुष देह उन्नत शुभ मानिये ॥ नयरि अजोध्या तेह तनो वृषभ वंस वंदित चरन सम्मेरसिषर मुकतै गये अजित नाथ मंगल करन ॥ २ ॥

End.—कुंडलपुर वर ग्राम नाम ते वीर वर्द्धमानह सन्मती ते महावीर महती म ावीर सुजानह । सप्त हस्त शुभ देह तेह सुवर्नहि जानौ ॥ नाथ वंस विष्यात हरिय लक्षण मन आनौ ॥ दस एक ऋषी वरन मै सिद्धारथ कुल उपनौ चिसलाज पुत्र भव भय हरौ पावापुर जेह नीपमौ ॥ २४ ॥ जिन वर ए चौबोस सेवतां सिव सुवि सुष लहियै जिन वर ए चौबीस पूजितै पातिक दहियै जिन वर ए चौबोस ए सम नाहो उत्तम कहै हरजोनंदन सार तासु नंदन चंदन सम । वृषभादि वीर सन्मति सकल कर्म येक कलिमल हरन देवाधि देव सुरपति नमित संकल संघ मंगल करन ॥ २५ ॥ इति चतुर्विंशति छप्पय छंद वर्णन समाप्तम् ।

Subject.—चतुर्विंशति तीर्थंकर का चरित ।

No. 19. Kshētra Pāla kī Āratī Jaya Māla. Substance—Country-made paper. Leaves—2. Size—$5\frac{3}{4}''$ × 5″. Lines per page—14. Extent—25 Ślōkas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of Deposit—Paṇḍit Rāma Gōpāla jī Vaidya, Jahāngīrābād, Bulandaśahar.

Beginning.—अथ क्षेत्रपालकी आरती जयमाल लिष्यते जयक्षेत्र सुपालं वहुगुण मालं नासिय दुःष या विघन रं जय जय सुष कारण गुण गण धारण जिण सासण सिंगार वरं ॥ ६ ॥ जय पइले हो पूजैां स्वामी क्षेत्रपाल ॥ रण रावल देवल रक्ष पाल ॥ जल थल मोँहयल मै तुम दयाल ॥ विष विघन भूत पिसाच टाल ॥ २ ॥

End.—काली माई मेघ मासे कर ॐ वियाली ईश्वर रावण र इ प्यारी राम लक्ष्मण गए अहेड पू मुड × आष्टष इ पंच विहिणी यी पांचइ ॐ उ तारा त्रिपुर कंकाली माई माघे माल नांसे करइ वियालो इस यि × × हूं ते वेग जाऊ हनुमत वीर की अग्या फुरो मंत्र० कोई × × × र सात सात ४९ जिसका नाम लेय तस्य ग्रह क्षेपते। तस्य × × × × ग्रह भवेत् ॥

Subject.—तन्त्र मन्त्र। इसमें क्षेत्रपाल को आरती और ओंकार गुण वर्णन दोनों सम्मिलित हैं। दोनों जैन धर्म्म संबन्धी हैं।

No. 20. Chaubīsa Ēkādaśī Māhātmya. Substance—Brahma paper. Leaves—108. Size—10″ × 4″. Lines per page—7. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Manuscript—Samvat 1897 or 1840 A. D. Place of Deposit—Śrī Nātha Pustakālaya, Village Sirsā, Tahsīl Mējā, District Allāhābad.

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अथ चैाबोस एकादसी महात्म लिष्यते श्लोकः ॥ शुक्लांवरधरं विष्णुं ससवर्णं चितुर्भुजं प्रसंन वदनः ध्यऐ सर्व विघ्नोपि सांतये ॥ श्री अर्जुन उवाच ॥ ऐक समै श्री कृष्ण जू कैा अर्जुन पूछत है के अहो श्री देवाधि देव जू जे पुरुष येक वार भोजन करता है अरु जे नक्षत्रन उदै भोजन करत है तिनके न्यारे न्यारे फल कहि जे ॥ श्री भगवान वाच ॥ तव श्री परमेस्वर जू कहत हैं के अर्जुन जे पुरिष येक वार भोजन करत है ताकैा अार व्रतन ते सतगुनो फलु होत है अरु जे पुरुष नक्षत्र के उदै भोजन करत हैं ते सहस्र गुणो फल पाउत है अैार जे केवल एकादसी को व्रत करत है तिनके फलन को अंतु नाहीं है अैार तिनके नजीक जम नाहीं आउत है अरु जितने फल सूर्य परनी ते होत है अरु

जितने चंद्र परभीते होते है अरु बहुत तीरथ करै तै फल होत है अरु ब्‌हुत दान फल होत है सो फल येक एकादसी के करै होत है जैा विधि सो करै यह बात मै कछु संसै नाही ॥

End.—कार्तिक की शुक्क पक्षि की ऐकादसी कैा कहा पुन्य है अरु कहा फल है सो क्रपा कर कहिजै श्री कृष्ण उवाच तब श्री कृष्ण जू कहत है कै याकैा पर बोधनी नाम है ताके व्रत के करै तै सकल पाप दूर होत है अरु यह व्रत भुक्ति मुक्ति कैा दाता है जो फल अनेक तीर्थ व्रत करै तै होतु हैं अरु जो फल अस्वमेध जज्ञ करै तै होत है जो फल राज श्री जज्ञ करै तै होत है अरु जे व्रत कर के जागरन करत है पुन सकत प्रवान दक्षिणा देत है तिनकी बराबर श्रैार पुन्य नाही अरु जे गुरु सो वाद करत है तिनकै धन संतान नाही होत है जो फल संपूर्न पथी के तीर्थ करै तै होतु है सो फल एक ही एकादसी के करै तै होत है अरु जे श्री परमेस्वर जू कैा सुमिरनु मनसा वाचा करत है तिनकी महिमा कैान पर कही जाइ जे प्रानी या कथा नीकै करि कहत है अरु सुनत है ते संपूर्न पृथी के दये कैा फल पावत है तिनकी मुक्ति मै संसैा नाही इति श्री पद्मपुराने ऐकादसी महात्म्ये श्री कृष्ण दुहसिल संवादे कार्तिक की सुकल पक्ष की एकादसी संबोधनी नाम चोबीसमोध्यायः इति श्री पद्मपुराने एकादसी महात्म संपूर्न समाप्तं संवत १८९७ मिती चैत्र वदी ३

Subject.—एकादशी महात्म्य ।

Note.—वर्षान्तर्गत जो चैाबीस एकादशी पड़ती हैं उनमें व्रत रहने से क्या फल होता है सब भली भांति दर्शाया है ।

No. 21. Dayā Vilāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—47. Size—12″ × 5″. Lines per page—9. Extent—845 Ślōkas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of Deposit—Swāmī Bānke Lāla jī, Gaḍhamuktēśwara.

Beginning.—श्री गणेशाय नमः ३० अथ मंत्रः गज क्लींकाय क्षिनी कान्ती काली महाकाली स्वाहाः १०० रोज करना दिन ४० दूध दही घी सहत मिसरी बदाम छुारा किसमिस मखाना गरी धूप अमृतगंध की देना देवद्वार चंदन का धूप गुगुल सहत घीव जव चावल तिल दीवा घी का बालना उत्तर कू मुह करकै करना ॥ अ(थ) दया विलास ॥ अथ केशकल्प ॥ सुरमा ॥ मुरदासंख टंक ४ सज्जी खार टं ४ भैंस के गाद दही डारि कै मरदन करै जब ताई नुष मैं लगावै ता नुष काला होइ पुनः भलि भाति से रात्री के समे म रंड के पत्त उपर से बांधे प्रात समै सरसों का तेल में आंवला मिलाय कर धोवै ता केश बहुत नीके

होंय काले हौंय अपरंच सुगमा × नाको कलि टंक १ सिंदूर टंक १ साबुन सूखा टंक २ भैस की खट्टी दही मे घोटै तब ताई जब ताई मुख मै लगावै तो मुख काला होइ तब बाल मै लगावै उपर सै अरंड के पत्ते बांधै सोवै प्रात समै आंवले कू तेल मै घोट कर लगावै तो डेभो कल्प अच्छा होई × × × ×

End.—अथ सप्तदश वर्ष की विधिः ॥ ऊर्द्ध सास लेई मूर्छित होई सोतां ग होई भूष न लागै ॥ ताको उपाव ॥ गोदान देई ब्राह्मण भोजन करावै ॥ औखद न करै खूब दान करै ॥ इती पूतला विधान समाप्तं ॥ इस जंत्र को भोज पत्र पर लिखै हाथ में बांधै तो कलेस घर का सब दूर होय सुख होय हलदी से लिख कै सूई से खोस कै जमीन मै गाड़ै तो क्लेस सब दूर होय सुख होय ॥ निश्चै करकै जांनना ॥ शुभम्भवतु ॥ १ ॥

Subject.—वैद्यक—औषधियां मंत्र आदि ।

No. 22. Ékādaśī Kathā. Substance—Country-made paper. Leaves—43. Size—7″ × $5\frac{3}{4}$″. Lines per page—16. Extent—774 Ślōkas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of Deposit—Paṇḍit Rāma Gōpāla jī, Jahangīrābād, (Bulandaśahar.)

Beginning.—श्रीरामाय नमः अथ येकादसी कथा लिष्यते ॥ प्रथम श्रावण मांसे कृष्ण पछे श्री नारद जी श्री ब्रह्मा जी कुं पूछत है ॥ तुम पितामह सर्व जानौ हो ॥ श्रावण मासे कृष्ण पछे ॥ ता येकादसी को कहा नाव है ॥ कहा पुंन्य ॥ श्री ब्रह्मो ऊवाच ॥ ब्रह्मा कहैतु है ॥ श्रावण वदि येकादसी कौ कामिका है नाम ॥ बृत कीया सकल काम की स्यध्य होई ॥ श्री गोविंद जी की सेवा कीजे ॥ सर्व तीर्थ कीया पुंन्य होई ॥ कासी मथुरा ॥ द्वारिका ॥ अजोध्या ॥ हरद्वार ॥ अंतिकापुरी ॥ कूरुछेत्र ॥ वद्रीकेदार ॥ गया ॥ सेतवंधुरामेस्वर × × (ए)तना तीर्थ सनान किया फल होई ॥ ईतनै श्रावण वदि येकादसी कीया बृत कीया फल होई ॥ सो इतना राजा उंधरा ॥ हरिचंद राजा ॥ धुंधमार राजा जुधिष्टर राजा ॥ परिष्यित राजा ॥ ईतना राजा उंधरा ॥ श्रावण वदि येकादसी कीया ॥ यह कथा देह धरि कै सुनि जेतो ॥ दस गऐ दीया को पुंन्य होई ॥ श्रावण वदि येकादसी बृत कीया ॥ ईति श्री श्रावण वदि येकादसी संपूर्ण ।

End.—तातै × × × मासे कौसन पछे ता येकादसी को बरत करे तो उंधरै और ईतना तीरथ कीया पुंन्य होई ते कौण कौण तीरथ पोहकर जी प्राग जी बानारसी गया जी अजोध्या जी कुरुछेत्र और अनेक तीरथ कीया पुन्य होई सो ज्येष्ट मांसे कौसन पक्षे ता येकादसी कीया पुंन्य होई अभै मुषो गर्ड दीया सपत दीपावती प्रथ्वी डोल्यो परिदषिना जी को पुन्य होई ईतना दान पुंन्य तीरथ

कीया पुन्य होई सो जेष्ट मांसि क्रीसन पछे ता येकादसी कीया पुन्य होई ॥ ईति ब्रह्माडपूराणे ज्येष्ट मासे कीसन पछे अपरा येकादसी समाप्त ॥ २ ॥

Subject.—१२ मासों की एकादशी कथा का गद्य में वर्णन ।

Note.—पुस्तक अपूर्ण है ।

No. 23. Gaṇēśa Chaturthī rō Vrata. Substance—Country-made paper. Leaves—6. Size—$5\frac{3}{4}'' \times 4''$. Lines per page—11. Extent—51 Ślōkas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of Deposit—Chandra Sēna Pujārī, Gaṅgā jī kā Mandira, Khurjā (Bulanda śahar).

Beginning.—श्रीगणेश चत्रथी रो वरत लीपेते ऐक समै रे विषै × रोज कृत वीर्जः श्री ब्रह्मा सु पुछे । हे ब्रह्मा न गणेश चत्रथी रो व्रत कै कीया प्रथी रैं विषे कै प्रकास कीयो ॥ तीकै रो पुन कासु फल कासु थे दया कर कहो ॥ १ ॥ तद श्री ब्रह्मा जी राजा सूया कर प्रसंन हुई कहै छै हे राजनः पुर पुर्व स्वांम कात्रीकिजी गयांथ कां पारवती श्री महादेवजी रै वा यक सुमास पारतांई व्रत कीयो तद पुत्ररी प्राप्त हुई ॥ २ ॥ पांच मासि विषै स्वाम कार्तिक जी स्त्री सहित आय मिलीयाः फेर राजा अगस्ति जी रै समुद्र पीवणरी वांच्छ्या हुई तद चिन्तातुरथ कारी धांरी अग्या सू व्रत कीयोः ॥ ३ ॥ फिर नल दमयंती नु विषोप डीयो दुहं ईस्त्री पुरष रो वियोग हुवो तद दमयंती मास ६ छय तांई व्रत कीयो गणेशजी पुजन कीयोः ॥ नल भरतार नू पायोः ॥ ४ ॥ पुरा पूर्व श्री कृष्ण जी रो पोतरो अनुरुध प्रदमन रो पुत्र चित्रलेपा लेषा ले गई तद श्री रुकमणी जी आेर सारा यादव चितातुर हुवाः अनेक प्रकार रा जतन कीयाः पण षवर कोई नहीः तद रुकमणी जी कह्यौ म्हारेपण पुत्र नु दीन दसमांह सुंवर ले गयो थोः तदहू पण सो कार्त्र थका हुई थी लंका रा वालक देष जांणे कहैतीई सो पुन म्हारो थोईये तरै चितातुर थको सोक करां छांः तिकै समै लोमस जी आया तद लोमस जी रोघणी शुश्रूषा कीवोः ।

End.—अंत समै परम पद पायो ज्यो आेर पण नर नारी आे व्रत करैः गणेश जी री पूजा करै तो सारा मनोरथ रा फल पावे जोई यै माहात्म आपरी प्रीत सु करै सुणै तिकै सारा यज्ञा रा व्रत रो फल पावै ॥ ईती श्री गणेश चतुरथी व्रतकथा संपूरण श्री कालणमस्तु ।

Subject.—गणेश चतुर्थी व्रत कथा ।

Note.—गद्य पुस्तक की भाषा मारवाड़ की प्रतीत होती है ।

No. 24. Gīta Gōvinda and Phuṭakara pada. Substance—Country-made paper. Leaves—32. Size—5″×4″. Lines per page—7. Extent—225 Ślōkas. Appearance—Old. Verse. Character—Kaithī (Nāgarī). Place of Deposit—Bābū Rāma Chandra Ṭaṇḍana, B. A., Rāma Bhavana, Śahazādapur, Faizābād.

Beginning.—गीतगोविंद ॥ श्री कमलायुधमंडल धृत कीट कुंडल ये । कलित ललित बनमाल जय जय देव हरे ॥ १ ॥ दीन मन मंडल मनना धृत खंडन ये ॥ २ ॥ कलित ललित बनमाल जय जय देव हरे ॥ ३ ॥ + + + + + + + + + + + जय जय देव हरे ॥ ३० ॥ राग सोरठ ॥ मन राम सुमिर पछतावैगा । पापी जियरा लो करतु है आज काल्ह उठ जावेगा ॥ २ ॥ लालच लाग जन्म गंवाये माया भ्रम भुलावेगा । धन यैावन का गरभ न कीजे कागज सम गल जावेगा ॥ ३ ॥ जव जमराज फैंट धै पकरै ता दिन कछु न वसावैगा ॥ ४ ॥ सुमिरन भजन दया नहिं कीनैा तउ मुख चोंटा खावैगा ॥ ५ ॥ धरमराज जव लेखा मांगै क्या मुख लै दिखलावैगा ॥ ६ ॥ कहत कबीर सुनो भाई साधो मिल साध संग तर जावैगा ॥ ७ ॥

End.—दोहा ॥ शंकर शंभु गिरीश हरि चन्द चूड़ भवनाथ । हर विलास वर चहत यह कहौं कछुक हरिगाथ ॥ २ ॥ जय गणपति मातंग मुख लंबोदर गुणखान । हरि विलास मन कामना सियपति (के) जन जान ॥ ३ ॥ सकल देवतन की कृपा श्री गुरुचरण प्रसाद । हरि विलास गावत सुखद कमलापति संवाद ॥ ४ ॥ गैार गात मृग दृग इला सजिल इला विख्यात । वदन इलापति जान जो सव इला देहु मुख मात ॥ ५ ॥

Subject.—भिन्न २ कवियों के पदों का संग्रह ।

No. 25. Gītā Mahātmya. Substance—Country-made paper. Leaves 33. Size $7\frac{1}{4}'' \times 5\frac{1}{2}''$. Lines per page—20. Extent—825 Ślōkas. Appearance—Very old. Character—Nāgarī. Date of Manuscript—Samvat 1866 or 1809 A. D. Place of Deposit—Ṭhākura Umarāva Siṁha, Jakhaityā, (Bulandaśahar).

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ अथ गीता महात्म लिष्यते ॥ दोहा ॥ गुरु गोविंद प्रणाम करि सारद पुनि गण ईश संत चरण रज रैनु लै धरी आपने शीश ॥ १ ॥ गीता की महिमा कहो कहो प्रथम जो व्यास । तिनकी पदमपुराणते सब कैा पुरवन आस ॥ २ ॥ गीता वाचै जे सुनै ते मनु देषै काेइ इतनै कैा

दरशन करै मुक्ति भुक्ति फल होइ ॥ ३ ॥ सो इतिहास सुनै गुनै कह्यौ पुरातन साषि लक्ष्मी सो वैकुंठ मै नारायण जू भाषि ॥ ४ ॥ कैलाश सिषर उत्तिम सदा तहां रुद्र कैा धाम पारवती पूछन लगी सब के पूरन काम ॥ ५ ॥ पारवत्युवाच ॥ चैा ॥ हे प्रभू तुम रुद्र हो सोई जातै तुम पवित्र अति होई सकल जीव तुमही को धावै तुम्हरी दई मुक्ति सो पावै ॥ ६ ॥ बैल चढ़ै ओढ़ै मृगछाला अंग भस्म मुंडन की माला विषधर सर्प कंठ मै सोहै विष धतूर कैा भक्षन जोहै ॥ ७ ॥ दोहा ॥ जेते लक्षण देषियै उत्तिम एकहु नाहि क्यौ पवित्र तन मन भये सो कहियै समभ्भाय ॥ ८ ॥ महादेव उवाच ॥ सुनि देवी तो सो कहौं निज अंतर को ज्ञान जाहि पाइ सब कछु करैा कर्म लगै न निदान ॥ ९ ॥ चैा ॥ सो वह गीता ज्ञान कहावै मेरे हिरदय माह रहावै देह धर्म सब कर्म कराउ गीता सुमिरि परम पद पाउ ॥ १ ॥

End.—जातै जीव मुक्ति पद पावै कहैा जतन परगट सो गावै गीता ज्ञानी सुद्ध जो होइ औरु तुलसी आराधै सोइ ॥ १२ ॥ एकादशी व्रत मन मे धरै मुक्ति होइ भवशागर तरै लक्ष्मी सो बोले भगवान अर्जुन कैा दीनैा यह ज्ञान ॥ १३ ॥ सुनि अर्जुन आनंदपद पायो गोप्य ज्ञान मै तुमहि सुनायैा गीता रूप अमृत है सारा सुनिकै जीव होइ भवपारा ॥ १४ ॥ गीता कल्पवृक्ष मै करयौ कहत सुनत सो संसै हरयौ चारिवेद पढ़ि जो फल होइ गीता श्रवण कियै फल सोइ ॥ १५ ॥ मोतै उपजै कमल सुचारी वेद रूप कहियै निरधारी गीता है सो सार सुगंधी तातै गीता सम नहि बंधी ॥ १६ ॥ सर्व सास्त्रन मै गीता सार सब वेदन मै हरि निरधार सब तीरथ मै गंगा जानैा सब धर्मन मे दया बषानैा ॥ १७ ॥ विप्रहु मारै तन है सोई गीता पढ़ै मुक्ति पुनि होई छत्री वैस सूद्र है जेहा गीता पढ़ै मुक्ति होइ तेहा ॥ १८ ॥ आपु तरै औरन को तारै गीता ग्रंथ जो रोजु विचारै ॥ नारायण लक्ष्मी कहै गीता सुमिरि मुक्ति पद लहै ॥ १९ ॥ गीता गीता गीता करै औरु ग्रंथ जिनि पढ़ि पढ़ि मरै कह्यौ आपु मुषतै भगवान सो समझै सोई जु सुजान ॥ २० ॥ इति श्री पद्मपुराणे उत्तर खंडे सति ईश्वर संवादे गीता माहात्म्ये संपूर्णम् ॥ संवत् १८६६ लिखते मोतीराम पठनार्थी कुंवरजी केवल कृष्ण जी ॥ रामजी सहाय ॥

Subject.—गीता माहात्म्य ।

Note.—कवि का नाम कहीं भी स्पष्ट रूप से लिखा हुआ नहीं मिलता । "औरु तुलसी आराधै सोइ" इसमें तुलसी जो नाम आया है वह कवि का नाम हो भी सकता है और नहीं भी हो सकता । अतएव यह संदेहात्मक है । निर्माण काल भी नहीं है । पुस्तक की प्रति पुरानी है । कई स्थलों मे पत्रे परस्पर एक दूसरे से चिपक गये हैं । पर एक अच्छी जिल्द में बंधी हुई है ।

No. 26. Gītā (Bhāshā). Substance—Country-made paper. Leaves—388. Size—8 × 6 inches. Lines per page—10. Extent—5,000 Ślōkas. Appearance—Old. Character—Kaithī (Nāgarī). Date of Manuscript—Samvat 1862 or A. D. 1805. Place of Deposit—Paṇḍita Mahādēva Prasāda Purōhita, Śahazādapur P. O., District Faizābād.

Beginning.—श्रीकृष्ण जी श्रीगणेशायनमः। सत्य गुरु प्रसाद। श्रीरामाय नमः श्रीभगवद्गीता माहात्म्य लिख्यते। एक समय विषे कैलाश पर्वत उपर महादेव और पार्वती की आपस मे गोष्टी हुई। ता गउरा पार्वती पूछे हैं। हे श्री महादेव जी तुम अंतःकरण मह किस ज्ञान कर पावत हो। जिस ज्ञान कर संसार के मनुष्य तुम को शिव करि पूजा देते हैं। योग औरा बहेरा (और वैराग्य) के तुमरो करम देखाई दे देहै जी। मृगछाला ओढ़ अंग विषे विभूति और गले मे सरप पहरिया है जी। अरु मुंडिश्र की माला पहरे हो इनमे तो कोई करम पवित्र नाही जी। तुम मैनु इह गियान सुनाओ जी। जिस गियान करि तुम अंतःकरण पावत हो ॥ २ ॥ श्रा महादेवोवाच। ता श्री महादेव जी कहिये पार्वती सुन जिस ज्ञान कर मैं अंतःकरण में पावति हो सो गियान सुनु ॥ जिस ज्ञान कर बाहर के करम वियापते नाही। सो वह गीता ज्ञान है।

End.—श्री भगवान जी तेरी सरनागि नाम जपावना। पोथी श्री गीता जी अरु धर्म संवाद अरु गर्भ गीता संपूरन भइ मिति पोख सुदी २ दुइज रोज यतवार संवत् १८६२ दस्तखत रघुमल खतरी रुदौली के। रामजी सहाय ॥

Subject.—श्री पद्मपुराणांतर्गत उत्तर खंडस्थ सती ईश्वर संवादे—गीता माहात्म्य।

पृ. १——६ कथा प्रसंग।
पृ. ६——१८ अर्जुन विषाद योग नामक प्रथम अध्याय का माहात्म्य वर्णन।
पृ. १८——२१ सती ईश्वर संवाद।
पृ. २२——३९ द्वितीय अध्याय माहात्म्य सांख्ययोग।
पृ. ३९——४३ सती ईश्वर संवाद।
पृ. ४३——५४ कर्मयोग की महिमा।
पृ. ५४——५९ संवाद समाप्ति।
पृ. ५९——७२ कर्म संन्यास योग और उसकी महिमा।
पृ. ७२——१६९ दशम अध्याय तक का वर्णन और माहात्म्य।
पृ. १६९-१९९ विश्वरूप दर्शन-और योग नाम ग्यारहवां अध्याय।

Note.—पद्य । ग्रंथकर्त्ता का कोई पता न चला । निर्म्माणकाल का भी कोई उल्लेख नहीं है । इस प्रति के लेखक एक रघुमल खत्री हैं जिन्होंने इसे १८६२ वि० सं० में लिखा । पुरानी कैथी मे लिखी हुई होने के कारण पाठ अत्यन्त अशुद्ध और अस्पष्ट हैं ।

No. 27. Gwālinī Jhagarō. Substance—Country-made paper. Leaves—24. Size—$6\frac{1}{4} \times 5\frac{1}{4}$ inches. Lines per page—8. Extent—192 Ślōkas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1785 or A. D. 1728. Place of Deposit—Raṅgī Lāla, Kōsī, Mathurā.

Beginning.—श्रीगणेशाय नमः ॥ अथ ग्वालिनी झगरो लिख्यते ॥ दोहा ॥ दध बेचन मिस ग्वालनी लगे प्रीत के वान ॥ पहुंची वा मग जाय के बंसी वजावत कान्ह ॥ १ ॥ कवित्त ॥ होत परभात ही चली है व्रज ग्वालनी आभूषन सम्हार धरै सीस माट षीर कौ ॥ निकसत याही मग धरत पिछोये पग नैनन की चोट करै ऐंच पर चीर कौं ॥ मदन मुरार सो तौं लाग रहे प्यालन में सायन कौ टेर कै लषत चली धीर कौं ॥ भौंहैं मटकाय के दिषाय सब भाव चली काहू मिस देषू री यह छोहरा अहीर कौ ॥ १ ॥ अंतरजामी आप प्रभु अंतर की पूछी बात लकुट सम्हार हाथ घेरी गैल जाय के ॥ देवो न सयानी दान कैसै हू न पावो जान काहू डर मान आज लैहू जौं अघाय के ॥ सेउ मग पाही काज करु ना काहू की लाज जेते वन मेरौ राज फोरौं माट धाय कै ॥ मदन मुरार कै व्योहार यही नित प्रति दीजियै जगात फेर वेचौ दध जाय कै ॥ २ ॥

End.—सत्रह सैं संवत पिच्यासी और वर्ष जाननो के मद सो राज भादौं मास पहचानियै ॥ तिथ कृष्णपक्ष नौमी द्योस बुधवार धरै अक्षर सुधार वो है सुभ घरी जानियै ॥ लीला फलदायक मदन हरि राधिका की हितकर जिनके

चरन चित आनियै ॥ कबू के कटत पाप दुष सिकत पढ़त गुन अनंद सुरपुर सुख सानियै ॥ ४२ ॥ दोहा ॥ वर्ने व्यौहार मुरार के बरनै को विस्तार ॥ कथत जीव बोते वरष नैाअन पावै पार ॥ इति श्री मदन मुरार लीला ग्वालनी कृष्ण ग्वाल नी यशोधा संभाषण वर्णन कवित वंद संपूर्ण ॥

Subject.—श्री कृष्ण का ग्वालिनों के संग माखन और दधि दान के लिये रार करना, ग्वालिनों का यशोदा को उलाहना देना, और ग्वालिन यशोदा और यशोदा कृष्ण का परस्पर समझाना।

No. 28. Hari Charitra. Substance—Country-made paper. Leaves—302. Size—9 × 7 inches. Lines per page—11. Extent—7000 Ślōkas. Incomplete. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of Deposit—Paṇḍita Dūbara Śukla Vaidya, P. O. Śahazādapur (Faizabād).

Beginning.—(खण्डित)—नवें पृष्ठ से आरंभ × × × ×
यहि सुम्र कर गोर निज धावौं। मरतिहु वार पुनि राम कहावौं ॥ जा कह नयंन प्रान मुनु दीजै। अंतहु आस राम की कीजै ॥ यहि ठाकुर को कीजै सेवा। सवं देव देवन के देवा ॥ पाखंड धर्म क सुनै विशेष ॥ कहे को दीन जन लालच देख ॥ अन जनत जनु में विष खाय। भाजि संत सरनागत आव ॥ सब संतन असि बुद्ध उपाई। राम नाम अमृत रस आई ॥ सागर उतरत वारन लागो। सत्यराम जो देखइ जागो ॥ तो हरि भगति भ भुउ में आई। त्राहि त्राहि जगदीश गुसाईं ॥ अस्तुति करहिं देव सब मुनि जन जोरे हाथ ॥ सुन कलत्र जन लालच वलि वालिज दो नाथ। इति श्री हरिचरित्रे दशम स्कंधे महापुराणे श्रीभागवते गर्भस्तुति वर्णनो नाम द्वितीयोध्यायः ॥

End.—मारु भोम सब सैन्य अपारा। हारि कुवारी पाप के भारा ॥ तव विवाह विधिवत् सब कैउ। लै मोहि कन कोती पाह गैउ ॥ राय दुधिष्ठिल बात जनाई। हुअ पर सदा कछु भीछया पाई ॥ कुंती असि आग्या दीह अन जानत मन माहु जौनि वस्तु ले आयहु पांचौ मिलि खाहु इति श्री हरिचरित्रे दशम स्कंधे महापुराणे श्रीभागवते रुक्मिणी द्रौपदी संवाद नाम चौरासियोऽध्यायः ॥ ८४ ॥

Subject—श्रीमद्भागवत दशम स्कंध की कथा—(द्वितीय अध्याय—गर्भ स्तुति से रुक्मिणी द्रौपदी संवाद—चौरासी अध्यायों की कथा।)

Note.—ग्रंथकर्त्ता और ग्रंथकर्त्ता के कालादि का पता न चल सका। हरिचरित्र नाम का एक और ग्रंथ नोटिस में आ चुका है। पर वह ग्रंथ वर्त्तमान प्रतिवाले ग्रंथ से बहुत छोटा है।

No. 29. A collection of several Holis. Substance—Country-made paper. Leaves—6. Size—$11\frac{1}{2}$ × 5 inches. Lines per page—11. Extent—145 Ślōkas. Appearance—Very old. Character—Nāgarī. Place of Deposit—Paṇḍita Chandra Śena Pujārī, Gaṅgājī kā Mandira, Khurjā.

Beginning.—श्रीगणेशाय नमः ॥ राग गोरी ॥ षेलत फाग आजु रघुवंसी बोलत हो हो होरी ॥ सुंदर स्याम राम सोभानिधि बनी अनूपम जोरी ॥ १ ॥ सुनि धुनि गान वाम निजु पुर की सिमिट जई एक ठोरी ॥ करि सिगार केसरि कुमुकुमु घसि भरि भरि पुर टक मोरी ॥ २ ॥ एक लियें कर वेंन बासुरी गावति नवल किसोरी ॥ एक लियें कर बूका बंदन लै गुलाल एक दैारी ॥

End.—राग सोरठि ॥ जमुना के तट श्री वृंन्दावन हरि संग षेलें गोपि हो ॥१॥ मोहन लाल गोवर्धन धारी ताको नष मनि श्रोपी हो ॥ १ ॥ सज सज लद तन पीतंवर कटि कर मुष मुरली धारी हो ॥ टि टि पाग वनी मन मोहन ललना सबै हकारी २ साजि सिंगार चली वृज सुंदरि नष सिष सोभा तानी लोक वेद कुल धर्म सहित काहु की वदति न कीनी ३ नेन सों नेन वेन कर सों कर भुजा धरे हरि ग्रीवां ॥ मधि नाइक गोपाल विराजत सुंदर ताकी सींवां ॥ ४ ॥

Subject.—होली संवंधी विविध गानो का संग्रह

No. 30. Itihāsa. Substance—Country-made paper. Leaves 32. Size—10 × 6 inches. Lines per page—11. Extent—700 Ślōkas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of Deposit—Saraswatī Bhaṇḍāra, Lakshmaṇa Kōṭa, Ayōdhyā.

Beginning.—श्रीगणेशाय नमः॥ निदाग नाम राजा था। एक समे निकट रिषभ देव के आवत भया। अरु प्रश्न करत भया कि हे ब्रह्म गुर मैं संसार सागर में डूवता हों। तुम कृपा करके मुझको पार उतारो। तब रिषभ देव कहत भया॥ ते राजा समुद्र विना जल नहीं होता। अरु जल जब मुझको दृष्टि आवै॥ तव बेड़ा लेकर तुझको पार उतारों। जव जल ही नहीं तव बेड़ा कैसे कहिये॥ तब परासर मैत्रेय सों कहत भया॥ कि हे मेत्रे जैसे मैंने तुझको चिरकाल कर उपदेश करत भया हों॥ तैसेही रिषभ देव॥ दस सहस्र वर्ष तक राजा निदाग को उपदेश किया ज्ञान का उत्पन न भया। मेरी तो अल्प बुध है॥ अल्प भी क्या कहिए मेरे विषे तो बुध ही नहीं जब तक तूं आपही त्याग न करैगा॥ तब मैं क्या करों॥

End.—मेरे कुल के सभ बुधहीन थे नहीं तो तीनों देवता को बस करना सुगम ही था ऐसे ही त्रिलोकी का राज करते अर किसी का भै न करते मेरे बड़े थे हरनाषस ते आद लेकर सो ऐसा सुष किसी ने नहीं जान्या सुतह सिद्ध प्रकाश

है अरु जिसने सुतह सिद्ध प्रकाश जान्या तिसको विष्णु कैसे मारै फिर दैत्य कह्या हे विष्णु मेरे कुटुंबीवों को कैसे मारया तैंने तब विष्णु जी कहते भये मै किसी को नहीं मारया हे दैत तू विचार कर देष जो बुदबुदा जल सो उठता है अरु फिर जलही विषे लीन हो जाता है ताते बुदबुद को किन मारया ताते सर्वस भव ऐसे ही कहो जो एकही आत्मा निरंतर है इतिहास पूरन भया ।

Subject.—अध्यात्म विचार ।

No. 31. Jānā (Jñāna) Praśna Mokshōpāya. Substance—Country-made paper. Leaves—133. Size—$6\frac{1}{2}$ × 3 inches. Lines per page—17. Extent—About 2,000 Ślōkas. Character—Nāgarī. Appearance—Old. Place of Deposit—Biṭṭhala Dāsa Purushōttama Dāsa, Mathurā.

Beginning.—ॐ श्री सीता × × हमीक उवाच × × × × यथा लष श्लोक × × इह बालकांड उ × × × बतीस सहस्र श्लोक × × × उपदेश किया है । सो × × श्रवण कराया है । निर्वाण × × × उपदेस किया है ॥ सो सब क × × × करि कै तुभको कह्या ॥ तिसते उपरांत षिल प्रकरण निर्वाण की दृढ़ता के निमित्त कह्या ॥ सो कैसा है षिल प्रकरण ॥ जो बचन आगे कहै है ॥ औरु जो नही कहै है ॥ तिनको सःच्चै करि के कहत है ॥ इसी ते (इ)सका नाम षिल प्रकरण × × अरु जिस विषें संपूर्ण जीवों के लक्षण कहे हैं ॥ ऐसा षिल प्रकरण दृढ़ बोध के निमित्त × × (वशिष्ठ जी) कहते है । वशिष्ठ उवाच ॥ हे राम जी पूर्ण सर्व जो जीव है तिनको अनुभव आकाश ते जगत हुवा है ॥ तिष विषे ॥ आवरण अरु जावण इतियादिक क्रिया—देषीतो है सो आत्मा सत्ता अपने सुभाव तें इतर नहीं हुई है ॥ सर्वदा से कोल्यौ है । हे राम जी जिनको अपने सुभाव विषें इस्थियीतई है ॥ तिसको यह जगत कर्मल स्वच्छ चिदाकास भासता है ॥

End.—इह मोक्ष उपाइ परमबोध का कारण मैं तुभको कह्या है संपूरण तिसके सार को धरि करि रघुवंस की कुल कृतकृत्य भई है ॥ अरु जो उस सभा विषे जज्ञासी थे सो भी कृतकृत्य जीवन मुक्त हुऐ विचारणे लागे तिस निश्चै को धारि करि तू भी जीवन मुक्त हुआ विचरु ॥ अरु अवरणा जो कछु प्रकृत आचार है तिसकों करि मैं जानता हौं जो तू परमबोध को प्राप्त हुआ है ॥ इति श्री जाना प्रश्नमोक्षोपाये संख्या वर्ननं नाम सर्गः ॥ इस सर्ग विषे कथा के सार कहे हैं ॥ ताते इसका नाम संख्या है ॥ शुभमस्तु सर्व जगताम् ॥

Subject.—ज्ञान संबंधी वशिष्ठ और श्री राम जी का संवाद ।

No. 32. Jñāna Tilaka. Substance—Country-made paper. Leaves—5. Size—8 × 3 inches. Lines per page—11. Extent—90 Ślōkas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of Deposit—Saraswatī Bhaṇḍāra, Lakshmaṇa Kōṭa, Ayōdhyā.

Beginning.—श्रीमते रामानुजाय नमः ॥ ॐ आदि जुगादि पवन अरु पानी ॥ ब्रह्मा विष्णु महादेव जानो ॥ १ ॥ जोती सरूप कृपानिधाना ॥ अलख पुरुष अवगत अवसाना ॥ २ ॥ मारग में एक मडीया सूरा ॥ जाको सत गुरु मिलिया पूरा ॥ ३ ॥ पांचौ पकरि एक घर ल्यावै ॥ चित के चौहटे न्याव चुकावै ॥ ४ ॥ आसा नदी निकट नही जाई ॥ भेद भरम सब दिया विहाई ॥ ५ ॥ चेतन के घर पहरा जागै ॥ ताको काल कहां कर लागै ॥ ६ ॥ है कोउ अदलो अदल चलावै ॥ नगरी चोर घूशन नहीं पावै ॥ ७ ॥ बुद्धि सों कोटि सबल नहि टूटै ॥ जाको मनसा डायन कहा कर लूटै ॥ ८ ॥ कह कबीर सोई बड़ भागी ॥ जाकी सुरत निरंतर लागी ॥ ९ ॥ आदि अंत अनहद एक वाणी ॥ चौदह ब्रह्मांड रहा वर पाणी ॥ १० ॥ जब पाणी में अंड उपाया ॥ तीन लोक उपरा जीमाया ॥ ११ ॥ सेवत अंड भये जुग चारो ॥ जहां उपजे ब्रह्मा त्रिपुरारी ॥ नाभ कमल ब्रह्मा चलि गये ॥ जुग छुती सों अमत भए ॥ १२ ॥ पार न पावै गगन अति भारी ॥ आपई आप करै विचारी ॥ १३ ॥ कोहम कोहं सिरजनहारा ॥ जीव जंत नहि होते कहत कबीर विचारा ॥ १४ ॥ गुरु रामानंद जी के वदन पर सदके करूं सरीरा ॥ अबकी बेर उवार लेहु स्वामी कमधुज दास कबीर ॥ १५ ॥

